**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## HINDUSTAN




जेसी बोस विश्वविद्यालय को ऊर्जा संरक्षण के लिए मिले प्रथम पुरस्कार के साथ वाइस चांसलर प्रोफेसर दिनेश कुमार व अन्य। ● हिन्दुस्तान

# जेसी बोस विवि को ऊर्जा संरक्षण में पहला पुरस्कार

**फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए को ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों में पहला पुरस्कार मिला है।

विश्वविद्यालय को 30 किलोवाट से अधिक कनैक्टेड लोड के संस्थानों एवं संगठन की श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार हरियाणा के बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने चंडीगढ़ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार समारोह में प्रदान किया। विवि को ऊर्जा बचत के विभिन्न उपायों के आधार पर वर्ष 2017-18 के लिए पुरस्कार मिला है। पुरस्कार के अंतर्गत एक लाख का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और ट्रॉफी शामिल है। यह पुरस्कार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने फरीदाबाद में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान की उपस्थिति में ग्रहण किया।

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय को मिला राज्य स्तरीय प्रथम अवार्ड

P.K. 4/12/2020

**वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने विश्वविद्यालय के वीसी को प्रदान किया अवार्ड**



*ऊर्जा संरक्षण के लिए जेसी बोस विश्वविद्यालय को अवार्ड देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान।*

फरीदाबाद, 3 दिसम्बर (ब्यूरो): नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए बुधवार को जिला फरीदाबाद को तीन अवार्ड प्राप्त हुए। इनमें जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद को वर्ष 2017-18 के लिए प्रदेश भर में प्रथम अवार्ड प्रदान किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह अवार्ड प्रदान किए। फरीदाबाद लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विश्विद्यालय के वीसी डॉ. दिनेश कुमार ने अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान से यह अवार्ड प्राप्त किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माधयम से संबोधित करते हुए कहा कि हमें अभी सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग करने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि हमने सभी स्थानों पर एलईडी लाईटों के साथ साथ ग्रीन बिल्डिंग बनाने की दिशा में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि आज हमें इस क्षेत्र में और ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है ताकि थर्मल प्लाटों से निकलने वाले धुएं को हम कम कर सकें। उन्होंने अवार्ड प्राप्त करने वाले प्रदेश के विभिन्न संस्थानों को बधाई भी दी। इस दौरान उन्होंने फरीदाबाद जिला को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में तीन अवार्ड प्रदान किए। इनमें जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को वर्ष 2017-18 के लिए ऊर्जा संरक्षण में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवार्ड में विश्वविद्यालय को एक लाख रुपये का चैक भेंट किया गया। इसके साथ ही फरीदाबाद की ही एटूजेड एनर्जी इंजीनियर्स को वर्ष 2017-18 व वर्ष 2018-19 में बेस्ट एनर्जी आडिटिंग, ग्रीन बिल्डिंग निर्माण और ईसीबीसी इंप्लीमेंटेशन के लिए प्रदेश भर में प्रथम अवार्ड से नवाजा। इसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान की गई। कंपनी की तरफ से यह स मान निदेशक पीपी मित्तल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने सभी को यह अवार्ड सौंपते हुए नवीकरणीय ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में अधिक से अधिक कार्य करने का आवाहन किया। इस अवसर पर नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के एपीओ रविकांत शर्मा भी मौजूद थे।

**ग्रीन बिल्डिंग निर्माण के लिए भी फरीदाबाद की एटूजेड एनर्जी इंजीनियर्स को मिला वर्ष 2017-18 व 2018-19 का स्टेट अवार्ड**

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## THE PIONEER

### ऊर्जा संरक्षण को जेसी बोस विवि को राज्य स्तरीय अवार्ड



**फरीदाबाद।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए बुधवार को जिला फरीदाबाद को तीन अवार्ड प्राप्त हुए। इनमें जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद को वर्ष 2017-18 के लिए प्रदेश भर में प्रथम अवार्ड प्रदान किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह अवार्ड प्रदान किए। फरीदाबाद लघु सचिवालय में आयोजि कार्यक्रम में विश्विद्यालय के वीसी डॉ. दिनेश कुमार ने अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान से यह अवार्ड प्राप्त किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माधयम से संबोधित करते हुए कहा कि हमें अभी सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग करने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने कहा कि हमने सभी स्थानों पर एलईडी लाईटों के साथ साथ ग्रीन बिल्डिंग बनाने की दिशा में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि आज हमें इस क्षेत्र में और ज्यादा कार्य करने की आवश्यकता है ताकि थर्मल प्लाटों से निकलने वाले धुएं को हम कम कर सकें। उन्होंने अवार्ड प्राप्त करने वाले प्रदेश के विभिन्न संस्थानों को बधाई भी दी। इस दौरान उन्होंने फरीदाबाद जिला को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में तीन अवार्ड प्रदान किए। इनमें जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को वर्ष 2017-18 के लिए ऊर्जा संरक्षण में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवार्ड में विश्वविद्यालय को एक लाख रुपये का चैक भेंट किया गया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## DAINIK JAGRAN

# जेसी बोस विवि को ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में पहला स्थान मिला

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद ; जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय को ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में प्रथम पुरस्कार मिला है। विश्वविद्यालय को 30 किलोवाट से अधिक कनेक्टेड लोड के संस्थानों एवं संगठन की श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत सिंह द्वारा चंडीगढ़ में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान की उपस्थिति में पुरस्कार ग्रहण किया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के महानिदेशक डा.हनीफ कुरैशी, कुलसचिव डा.एसके गर्ग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्षा डा.पूनम सिंघल भी उपस्थित थीं। विश्वविद्यालय को ऊर्जा बचत के विभिन्न उपायों के आधार पर वर्ष 2017-18 के लिए पुरस्कार मिला है। पुरस्कार के अंतर्गत एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और एक शील्ड शामिल है। इस मौके पर कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं, जिसमें पुरानी बिजली फिटिंग को बदलना और परिसर में एलईडी लाइट व बल्ब के उपयोग को बढ़ावा देना शामिल हैं।



जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डा. एसके गर्ग, कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की अध्यक्ष डा. पूनम सिंघल पुरस्कार शील्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ (बाएं से दाएं) • फोटो विश्वविद्यालय के प्रवक्ता सौजन्य से।

## छात्रों की फीस होगी वापस

जासं, फरीदाबाद : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) संबंधित महाविद्यालयों को द्वितीय व तृतीय वर्ष में दाखिला लेने वाले छात्रों की फीस रिफंड होगी। एमडीयू ने रिफंड होने वाली फीस को कालेज के बैंक खाते में डाल दिया है। उल्लेखनीय है कि द्वितीय एवं तृतीय छात्रों ने आनलाइन फीस भुगतान के दौरान हुई परेशानी के चलते एक बार से ज्यादा बार फीस भुगतान किया है। महाविद्यालयों को मिले फंड में से छात्रों को अतिरिक्त फीस लौटानी होगी। सभी छात्रों की सूची निदेशालय की ओर से कॉलेजों के ईआरपी पोर्टल पर उपलब्ध करा दी गई है। फीस रिफंड करने के बाद कालेज को छात्रों का स्टेटस आनलाइन अपडेट करना होगा। कालेज को चेक की स्कैन कापी भी लगानी होगी। दरअसल, कालेज में इस साल प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों को बिना परीक्षा के अगली कक्षाओं में प्रोन्नत किया गया था। वहीं उनके दाखिले कन्फर्म करने के लिए आनलाइन फीस भुगतान की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## AMAR UJALA



राज्य स्तरीय समारोह में ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार लेते प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय को ऊर्जा संरक्षण के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए को ऊर्जा संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को 30 किलोवाट से अधिक लोड के संस्थानों और संगठन की श्रेणी में यह पुरस्कार हरियाणा के बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह द्वारा चंडीगढ़ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय ऊर्जा संरक्षण समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार के अंतर्गत एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और एक ट्रॉफी शामिल है। इस पुरस्कार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने फरीदाबाद में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान की उपस्थिति में ग्रहण किया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## DAINIK BHASKAR

# ऊर्जा संरक्षण के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विवि को मिला प्रथम अवार्ड

**फरीदाबाद|** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त करते हुए बुधवार को फरीदाबाद जिला को तीन अवार्ड मिले। इनमें जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय को वर्ष 2017-18 के लिए प्रदेशभर में प्रथम अवार्ड प्रदान किया गया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह अवार्ड प्रदान किए। फरीदाबाद लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. दिनेश कुमार ने एडीसी सतबीर सिंह मान से यह अवार्ड प्राप्त किया। इस अवार्ड में विश्वविद्यालय को एक लाख रुपए का चेक भेंट किया गया।

**NEWS CLIPPING: 04.12.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# अच्छा काम करने वालों को मंत्री ने दिए अवॉर्ड

**विशेष संवाददाता, फरीदाबाद:** लघु सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा संरक्षण की दिशा में बेहतरीन काम करने वाले जिले के संस्थानों को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरियाणा के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने अवॉर्ड दिए। जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद को वर्ष 2017-18 के लिए प्रदेश भर में प्रथम अवॉर्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के वीसी डॉ. दिनेश कुमार ने एडीसी सतबीर सिंह मान से यह अवॉर्ड प्राप्त किया।

ऊर्जा मंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि हमें अभी सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि हमने सभी स्थानों पर एलईडी लाईटों के साथ-साथ ग्रीन बिल्डिंग बनाने की दिशा में भी काम किया है। आज हमें इस क्षेत्र में और ज्यादा काम करने की आवश्यकता है ताकि थर्मल प्लाटों से निकलने वाले धुएं को हम कम कर सकें।